**BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR**

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

Ref:.................... Date:..........................

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (28.05.2025)

### HINDUSTAN, MUZAFFARPUR DATE: 28.05.2025, PAGE-10

# नामांकन से पहले तय होंगी कॉलेजों की सीटें

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू में स्नातक में नामांकन से पहले कॉलेजों की सीट तय होगी। विवि प्रशासन इसकी तैयारी कर रहा है। बीआरएबीयू में 30 मई को स्नातक में आवेदन की अंतिम तारीख हुई। अब तक एक लाख 37 छात्रों ने आवेदन किया है। विवि प्रशासन नए कॉलेजों में कितनी सीटें जाएंगी इस पर जल्द फैसला लेगा।

# बीआरएबीयू को मिले अंग्रेजी के 38 शिक्षक

मुजफ्फरपुर। बीआरए बिहार विवि को अंग्रेजी विषय के 38 सहायक प्राध्यापक मिल गए हैं। विवि सेवा आयोग की ओर से इन शिक्षकों की चयन सूची विश्वविद्यालय को भेज दी गई है। शिक्षकों की चयन सूची मिलने के बाद अब इन शिक्षकों के दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद इनकी पोस्टिंग होगी।

# वीसी ने किया महिला छात्रावास का निरीक्षण

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू के कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने मंगलवार को पीजी महिला छात्रावास का निरीक्षण किया। उनके साथ डीएसडब्ल्यू प्रो. आलोक प्रताप सिंह और प्रॉक्टर प्रो. विनय शंकर राय भी मौजूद थे। वीसी ने कहा कि पीएचडी छात्राओं के लिए हॉस्टल नंबर दो शुरू किया जाएगा।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE: 28.05.2025, PAGE-10**

# परीक्षा केंद्रों पर लगा जैमर हाजिरी के लिए बायोमेट्रिक

## बीएड परीक्षा आज

**मुजफ्फरपुर, प्रसं।** जिले के 29 केंद्रों पर बुधवार को बीएड प्रवेश परीक्षा होगी। परीक्षा को लेकर मंगलवार को बीआरए बिहार विवि के कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने सभी पर्यवेक्षकों और उड़न दस्ता के सदस्यों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने कदाचार मुक्त परीक्षा को ले जरूरी दिशा-निर्देश दिए। ऑब्जर्वर की बैठक के बाद नोडल अफसर और मिथिला विवि के प्रेक्षकों ने केंद्रों का निरीक्षण किया। सभी केंद्रों पर जैमर और बायोमेट्रिक हाजिरी के लिए मशीन लगाई गई है।

वहीं, बीएड प्रवेश परीक्षा के विवि के नोडल अफसर प्रो. टीके डे ने बताया कि परीक्षा के लिए सभी केंद्रों पर पर्यवेक्षकों (ऑब्जर्वर) तैनात किए गए हैं। परीक्षा की निगरानी के लिए दो सदस्यीय 11 उड़न दस्ता (फ्लाइंग स्क्वाड) का गठन किया गया है। इसमें से दो उड़न दस्ता को सुरक्षित रखा गया है।

परीक्षा को लेकर सुबह 8.30 से 10.30 बजे तक छात्रों को केंद्र में प्रवेश दिया जाएगा। प्रो. डे ने बताया कि छात्रों के आधार कार्ड की मूल प्रति लानी होगी। बैठक में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय दरभंगा से आए प्रेक्षकों ने कहा कि अगर किसी छात्रा के केंद्र पर कोई छात्र परीक्षा देने पहुंच जाता है तो उसे लौटाए नहीं। हो सकता है कि एडमिट कार्ड पर गलती से उसका केंद्र बदल गया हो। ऐसे छात्र को अलग से परीक्षा दिलाएं।

**18** हजार 332 परीक्षार्थी जिले में होंगे शामिल

**02** सदस्यीय 11 उड़न दस्ता का हुआ गठन

- सुबह 8.30 से 10.30 तक विद्यार्थियों को केंद्रों में दिया जाएगा प्रवेश

### 29 केन्द्रों पर होगी परीक्षा

प्रो. डे ने बताया कि 29 केन्द्रों पर जिले में 18 हजार 332 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। परीक्षा में छात्राओं के लिए 19 और छात्रों के लिए 10 केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा केंद्र पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की तैनाती रहेगी। बताया कि परीक्षा में विद्यार्थियों को एडमिट कार्ड की दो कॉपी लेकर जाना होगा।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:.........................**


DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:28.05.2025, PAGE-04


# पैट के लिए विभागों ने रिक्तियां नहीं भेजीं

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में पीएचडी एडमिशन टेस्ट (पैट) के लिए पीजी विभागों ने रिक्तियां उपलब्ध नहीं कराई हैं। ऐसे में बगैर विषयवार रिक्तियों की संख्या जारी किए ही विश्वविद्यालय में पैट के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पैट 2023 और 2024 के लिए आनलाइन आवेदन की प्रक्रिया चल रही है। पैट 2023 के लिए पिछले वर्ष भी पोर्टल खोलकर आवेदन आमंत्रित किए गए थे। किसी कारणवश छूटे हुए अभ्यर्थियों के लिए आवेदन का मौका दिया गया है। चौंकाने वाली बात यह है कि जब पिछले वर्ष भी आवेदन की शुरुआत हुई थी तो भी सीटों की संख्या जारी नहीं की गई। महीनों बाद जब एक बार फिर से आवेदन की प्रक्रिया शुरू की गई है तो भी सीटों की संख्या जारी नहीं की जा सकी। जबकि पैट 2022 का परिणाम जारी होने के बाद सीटों की संख्या की जानकारी उपलब्ध कराना विभागों के लिए आसान था। 26 विषयों में से अब तक केवल छह से आठ की ही रिक्ति विश्वविद्यालय को मिली है। विश्वविद्यालय की ओर से पूर्व में पत्र जारी कर सभी पीजी विभागाध्यक्षों से 24 मई तक ही रिक्ति भेजने का निर्देश दिया गया था। इसके दो दिनों के बाद 26 मई यानी सोमवार से पीएचडी एडमिशन टेस्ट के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू की गई। बताया जा रहा है कि अगर निर्धारित अवधि तक सभी पीजी विभागाध्यक्षों के स्तर से उपलब्ध सीटों की संख्या भेज दी जाती तो इसे अभ्यर्थियों के लिए जारी कर दिया जाता। डीएसडब्ल्यू डा. आलोक प्रताप सिंह ने कहा कि पीजी विभागों से रिक्ति मांगी गई थी।

**26** विषयों में पैट 2023 और पैट 2024 के लिए चल रही आनलाइन आवेदन की प्रक्रिया



## हिंदी और मनोविज्ञान जैसे विषयों में हो सकती हैं अधिक सीटें

पैट 2023 के लिए हिंदी और मनोविज्ञान जैसे विषयों मे अधिक सीटें हो सकती है। दूसरी ओर कामर्स, संगीत, समाजशास्त्र, कंप्यूटर एप्लीकेशन मे सीटों की संख्या शून्य भी हो सकती हैं। वहीं भौतिकी, मैनेजमेंट, होम साइंस, भूगोल मे सीटों की संख्या कम हो सकती है।

## आवेदन के बाद कई विषयों में उत्पन्न हो सकता है सीटों की संकट

विश्वविद्यालय मे पैट 2024 के लिए भी आवेदन की प्रक्रिया चल रही है। ऐसे मे सीटों की संख्या सार्वजनिक नहीं होने के बाद भी कई अभ्यर्थी विभिन्न विषयों मे आवेदन कर रहे हैं। अगर आवेदन के बाद अभ्यर्थी को इस बात की जानकारी होगी कि संबंधित विषय मे सीट उपलब्ध नहीं होने के कारण पैट का आयोजन नहीं होगा तो उनकी उम्मीदों को झटका लगेगा। दूसरी ओर विश्विद्यालय ने यह स्पष्ट कर दिया है कि पैट 2024 का आयोजन उन्हीं विषयो मे होगा जिसमे सीटों की उपलब्धता होगी। आनलाइन आवेदन के लिए सामान्य अभ्यर्थियों को तीन हजार और ओबीसी, ईबीसी, एससी, एसटी, ईडब्ल्यूएस और महिला अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क के रूप मे दो हजार शुल्क देय है।

**Ref:....................** **Date:..........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:28.05.2025, PAGE-04

# 20 कालेजों में घट जाएंगी स्नातक की 1120 सीटें

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में नए सत्र में नामांकन की प्रक्रिया में स्नातक की 1120 सीटें घट जाएंगी। शैक्षणिक सत्र 2025-29 के तहत होने वाली नामांकन प्रक्रिया में 20 कालेजों की सीटों में कटौती होगी। इसमें अंगीभूत से लेकर संबद्ध कालेज शामिल हैं। पिछले शैक्षणिक सत्र यानि 2024-28 के तहत हुए स्नातक कोर्स में नामांकन की प्रक्रिया के लिए 20 कालेजों में 56-56 सीटों की बढ़ोतरी की गई थी। नामांकन के लिए पांच विषयों में अधिक आवेदन प्राप्त होने के कारण कालेजों ने विश्वविद्यालय को पत्र भेजकर इन विषयों में नामांकन के लिए सीटों में बढ़ोतरी किए जाने का अनुरोध किया था। इस आधार पर विश्वविद्यालय ने केवल एक सत्र के लिए पांच विषयों में 56-56 सीटें बढ़ाई थी। ऐसे में नए सत्र में इन कालेजों में नामांकन के लिए सीटों की संख्या पूर्व की भांति हो जाएंगी। यानि चार वर्षीय स्नातक कोर्स के तहत 2023-27 में हुए नामांकन के अनुसार ही इन कालेजों में सीटें निर्धारित हो सकती हैं।

**2023-27**

में केवल एक सत्र के लिए पांच विषयों में बढ़ाई गई थी 55 से 56 सीटें, अब संख्या पहले की तरह

- हिंदी, इतिहास, राजनीति विज्ञान, भूगोल और जूलाजी में पिछले सत्र में बढ़ी सीटों पर हुआ नामांकन
- शैक्षणिक सत्र 2025-29 के तहत होने वाली नामांकन प्रक्रिया में 20 कालेजों की सीटों में होगी कटौती



### जून के पहले सप्ताह में होगी नामांकन की प्रक्रिया

सबकुछ ठीक रहा तो जून के पहले सप्ताह में मेरिट लिस्ट जारी करते हुए नामांकन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। तीन मेरिट लिस्ट जारी हो सकती है। इसके बाद भी सीटें बचेंगी तो स्पाट नामांकन की प्रकिया अपनाई जाती है। जून तक नामांकन की प्रकिया चलनी है। इसके बाद जुलाई से नए सत्र की कक्षाएं शुरू हो जाएंगी। डीएसडब्ल्यू डा. आलोक प्रताप सिंह ने बताया कि नए सत्र में होने वाले नामांकन से पहले सीटों की संख्या तय की जाएंगी। इसके लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। दो दिनों में इसे पूरा कर लिया जाएगा।

**विश्वविद्यालय स्तर से शुरू कर दी गई प्रक्रिया :** विश्वविद्यालय ने हिंदी, इतिहास, राजनीति विज्ञान, भूगोल और जूलाजी में सीटों की संख्या में बढ़ोतरी की थी। दूसरी ओर नए सत्र में शुरू होने वाली नामांकन प्रक्रिया से पहले स्नातक की सीटें तय की जाएंगी। इसकी प्रक्रिया विश्वविद्यालय स्तर से शुरू कर दी गई है। दो दिनों में चार वर्षीय स्नातक कोर्स के लिए सीटों की संख्या तय होना है। 30 मई तक नामांकन के लिए आनलाइन आवेदन की प्रक्रिया चल रही है। इसके बाद मेरिट लिस्ट जारी करने से पहले सीटों की संख्या तय होगी। इसी आधार पर विश्वविद्यालय की ओर से पहली मेधा सूची जारी की जाएगी।

**अब तक एक लाख 37 हजार आवेदन :** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में स्नातक कोर्स में नामांकन के लिए 30 मई तक आनलाइन आवेदन होना है। अब तक एक लाख 37 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुका है। हिंदी, इतिहास, भूगोल, होम साइंस, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान जैसे विषयों में सबसे अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। इस वर्ष आवेदन की गति काफी धीमी है। बताया जा रहा है कि सभी विश्वविद्यालयों में एक साथ स्नातक कोर्स में नामांकन की प्रक्रिया शुरू होन से इसका असर बीआरएबीयू पर भी पड़ा है। इसमें कई ऐसे भी छात्र-छात्राएं हैं जिन्होंने एक से अधिक विश्वविद्यालय में आनलाइन आवेदन किया है। ऐसे में जिस विश्वविद्यालय में नामांकन के लिए पहले मेरिट लिस्ट जारी होगी या जहां छात्र-छात्रा का नाम पहले मेधा सूची में आएगा वहां विद्यार्थी नामांकन लेंगे। पिछले वर्ष विश्वविद्यालय में करीब एक लाख 61 हजार विद्यार्थियों ने नामांकन लिया था। इस वर्ष स्नातक का सत्र विलंब से चलने के कारण नामांकन पर असर पड़ सकता है। दूसरी ओर बताया जा रहा है कि प्रदेश के अन्य विश्वविद्यालयों में भी नामांकन के लिए काफी कम संख्या में आवेदन आए हैं।

**BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR**

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:28.05.2025, PAGE-04**

## कल से परीक्षा, आज तक भरा जाएगा फार्म

जासं, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में परीक्षा से एक दिन पहले दोपहर तक फार्म भरा जाएगा। टीडीसी स्पेशल पार्ट टू की परीक्षा गुरुवार से शुरू होनी है। इसके लिए बुधवार दोपहर तीन बजे तक 500 रुपये विलंब शुल्क के साथ परीक्षा प्रपत्र स्वीकार किए जाएंगे। इसको लेकर मंगलवार को आदेश जारी किया गया है। दूसरी ओर गुरुवार को होने वाली परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड भी जारी किए जा चुके हैं। सोमवार को छात्र संवाद में पहुंचे विद्यार्थियों ने फार्म भरने से वंचित होने की शिकायत करते हुए छात्र हित में तिथि विस्तारित करने का अनुरोध किया था। इसी आधार पर विश्वविद्यालय की ओर से यह आदेश जारी किया गया है। परीक्षा विभाग की ओर से कहा गया है सभी महाविद्यालय कि परीक्षा प्रपत्र सूची, विश्वविद्यालय में जमा किए गए भुगतान का विवरण और प्रवेश पत्र शाखा में जमा करेंगे। दूसरी ओर स्पेशल पार्ट टू की परीक्षा के लिए बुधवार को कालेजों में एडमिट कार्ड वितरित किया जाएगा। बीएड प्रवेश परीक्षा के कारण कई कालेजों में दोपहर बाद एडमिट कार्ड का वितरण होगा।

## हास्टल खाली नहीं करने का वीसी ने पूछा कारण

- मंगलवार को कुलपति प्रो. डीसी राय पहुंचे पीजी महिला छात्रावास
- परीक्षा का हवाला देकर हास्टल खाली नहीं कराने का किया अनुरोध

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डीसी राय ने मंगलवार को पीजी महिला छात्रावास में पहुंचे। उन्होंने ग्रीष्मावकाश अवधि में छात्रावास खाली नहीं करने का कारण पूछा। छात्राओं ने बताया कि आने वाले दिनों में उनकी परीक्षा होने वाली है। अगर वे छात्रावास खाली कर घर चली जाती है तो उनकी पढ़ाई बाधित होगी।

छात्राओं ने स्नातक स्पेशल परीक्षा से लेकर पीजी की परीक्षा और पीजी केमिस्ट्री विभाग में संचालित होने वाली विशेष कक्षाओं की जानकारी दी। कुलपति ने परीक्षा नियंत्रक से परीक्षाओं की जानकारी ली। इससे पहले पीजी महिला छात्रावास में रहने वाली छात्राओं ने ग्रीष्मावकाश में भी छात्रावास में रहने की अनुमति के लिए विश्वविद्यालय पहुंची। छात्राओं ने डीएसडब्ल्यू कार्यालय में आवेदन दिया। कहा है कि उनकी परीक्षाएं नजदीक हैं। ऐसे में उन्हें गर्मी की छुट्टियों में भी छात्रावासों में रहने की अनुमति प्रदान की जाए। अगर वे घर चली जाएंगी तो इससे उनकी पढ़ाई बाधित होगी।



छात्रावास में रहने की अनुमति मांगने के लिए बातचीत करतीं छात्राएं • जागरण

**पीजी महिला छात्रावास संख्या तीन को ही खाली करने को कहा :** छात्राओं ने कहा कि केवल पीजी महिला छात्रावास संख्या तीन में रहने वाली छात्राओं को ही छात्रावास खाली करने की बात कही जा रही है। छात्रावास संख्या एक और चार में रहने वाली पीजी और पीएचडी की छात्राओं को छात्रावास खाली नहीं कराया जा रहा है। इसपर छात्राओं ने विरोध जताया है। दूसरी ओर पिछले सप्ताह विश्वविद्यालय की ओर से सभी महिला और पुरुष छात्रावासों के अधीक्षकों को पत्र जारी कर यह निर्देश दिया गया था कि ग्रीष्मकालीन अवकाश में छात्रावास खाली कराया जाए। साथ ही वैसे छात्र-छात्राएं जिनकी परीक्षा चल रही है या होने वाली है उन्हें अपना एडमिट कार्ड डीएसडब्ल्यू कार्यालय में जमा कराने का निर्देश दिया गया था। प्रशासनिक आदेश लेने के बाद ही छात्रावास में रहने का निर्देश जारी था।

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:28.05.2025, PAGE-04

### बीआरएबीयू. पिछले सत्र में अस्थायी रूप से बढ़ायी सीटें वापस ली जायेंगी

# स्नातक नामांकन में 20 कॉलेजों की सीटें घटेंगी, जुलाई से कक्षाएं शुरू

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू में नये शैक्षणिक सत्र तहत स्नातक पाठ्यक्रमों में नामांकन के लिए विद्यार्थियों को अब 20 कॉलेजों में कम सीटों पर दाखिला मिलेगा. पिछले सत्र (2024-28) में अस्थायी रूप से बढ़ायी गयी 56-56 सीटें इस बार वापस ले ली जायेंगी. जिससे इन कॉलेजों में सीटों की संख्या पूर्ववत हो जायेगी.

विवि ने पिछले सत्र में सिर्फ एक वर्ष के लिए हिंदी, इतिहास, राजनीति विज्ञान, भूगोल व जूलॉजी विषयों में 56-56 सीटें बढ़ाई थीं. अब नये सत्र से इन विषयों में भी सीटों की संख्या 2023-27 बैच के अनुसार ही तय की जायेगी. इससे अंगीभूत व संबद्ध, दोनों प्रकार के कॉलेजों में सीटों पर असर पड़ेगा.

**नामांकन से पहले सीटों की संख्या तय :** डीएसडब्ल्यू डॉ आलोक प्रताप सिंह ने बताया कि नये सत्र में होने वाले नामांकन से पहले सीटों की संख्या तय की जायेंगी. नामांकन की प्रक्रिया जून तक चलेगी और जुलाई से नये सत्र की कक्षाएं शुरू हो जायेंगी. अब तक स्नातक में नामांकन के लिए 1 लाख 37 हजार आवेदन प्राप्त हो चुके हैं.

**सीटें तय करने की प्रक्रिया शुरू :** नये सत्र में नामांकन प्रक्रिया शुरू होने से पहले स्नातक की सीटें तय करने की कवायद विश्वविद्यालय स्तर पर शुरू कर दी गयी है. अगले दो दिनों में चार वर्षीय स्नातक कोर्स के लिए सीटों की अंतिम संख्या निर्धारित कर दी जाएगी. वर्तमान में नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 30 मई तक जारी है.

**जून में पहली मेरिट लिस्ट, जुलाई से कक्षाएं**

आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद, सीटों की संख्या तय होते ही विश्वविद्यालय द्वारा पहली मेधा सूची जारी की जाएगी. उम्मीद है कि जून के पहले सप्ताह में मेरिट लिस्ट जारी कर नामांकन की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी. विश्वविद्यालय द्वारा तीन मेरिट लिस्ट जारी किए जाने की संभावना है. यदि इसके बाद भी सीटें रिक्त रहती हैं, तो स्पॉट नामांकन का विकल्प भी दिया जाएगा.

## डीएसडब्ल्यू सर ! ग्रीष्मावकाश में भी छात्रावास में रहने दीजिए

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू में पीजी महिला छात्रावास की छात्राओं ने ग्रीष्मावकाश के दौरान भी छात्रावास में रहने की अनुमति मांगी है.

मंगलवार को बड़ी संख्या में छात्राओं ने विवि पहुंचकर अपनी यह मांग डीएसडब्ल्यू के समक्ष रखी. छात्राओं ने आवेदन सौंपकर बताया कि उनकी अहम परीक्षाएं नजदीक हैं. ऐसे में यदि उन्हें गर्मी की छुट्टियों में छात्रावास खाली करना पड़ा, तो उनकी पढ़ाई प्रभावित होगी. यहां रहते हैं तो अच्छे से पढ़ पाते हैं.नोट्स और किताबें आदि आसानी से मिल जाती हैं.

### यहां हम रहेंगे तो अच्छे से पढ़ाई हो सकती है

छात्राओं का कहना है कि घर जाने से उनकी तैयारी बाधित होगी, जिसका सीधा असर उनके रिजल्ट पर पड़ेगा . आगामी दिनों में कई प्रतियोगी परीक्षाओं के साथ-साथ स्नातक व पीजी की परीक्षाएं भी प्रस्तावित हैं, जिनकी बेहतर तैयारी के लिए उन्हें छात्रावास में ही रुकना है . छात्राओं ने विशेष रूप से यह भी कहा कि केवल पीजी महिला छात्रावास संख्या तीन की छात्राओं को ही छात्रावास खाली करने के लिए कहा जा रहा है, जबकि अन्य छात्रावासों के संबंध में ऐसी कोई जानकारी नहीं है .

**Ref:....................** **Date:..........................**

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR**
**DATE: 28.05.2025, PAGE-04**

## परीक्षा से एक दिन पहले तक भरे जायेंगे फॉर्म

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू ने छात्रों को बड़ी राहत देते हुए टीडीसी स्पेशल पार्ट-2 की परीक्षा के लिए फॉर्म भरने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है. अब विद्यार्थी गुरुवार से शुरू होने वाली परीक्षा से ठीक एक दिन पहले, यानी बुधवार दोपहर 3 बजे तक, 500 रुपये विलंब शुल्क के साथ परीक्षा फॉर्म जमा कर सकेंगे. इस संबंध में विवि ने मंगलवार को आदेश जारी कर दिया है. सोमवार को 'छात्र संवाद'कार्यक्रम में पहुंचे कई विद्यार्थियों ने फॉर्म भरने से वंचित रह जाने की शिकायत की थी. छात्र हित में तिथि बढ़ाने का अनुरोध किया था. विवि ने छात्रों की मांग पर विचार करते हुए यह विस्तार दिया है. गुरुवार से शुरू हो रही परीक्षाओं के लिए एडमिट कार्ड पहले ही जारी किए जा चुके हैं. इस विस्तार से उन छात्रों को आखिरी मौका मिलेगा जो अपनी पढ़ाई पूरी करने के बावजूद फॉर्म भरने से चूक गए थे.

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE: 28.05.2025, PAGE-04**

## बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा शहर के 29 केंद्रों पर आज

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

- कुलपति की अध्यक्षता में हुई बैठक
- परीक्षा की तैयारियों की हुई समीक्षा

बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा (सीइटी बीएड) के आयोजन की सभी तैयारियां बीआरएबीयू की ओर से पूरी कर ली गयी हैं. यह परीक्षा 28 मई को शहर के 29 केंद्रों पर करायी जायेगी. मंगलवार को विवि के सेंट्रल लाइब्रेरी स्थित सीनेट हॉल में कुलपति की अध्यक्षता में अहम बैठक हुई. इसमें परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा की गयी. कुलपति ने परीक्षा ड्यूटी में लगे केंद्राधीक्षकों, फ्लाइंग स्क्वॉड व ऑब्जर्वर को दिशा-निर्देश दिये. बैठक के बाद, सीइटी बीएड के विवि नोडल अधिकारी प्रो टीके डे ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया.

- वेबसाइट पर इस खबर को पढ़ने के लिए स्कैन कर लें.

### सभी इंतजाम हो गये पूरे

विशेष रूप से बिजली, पानी व शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की. प्रो डे ने बताया कि केंद्रों पर तैयारी हो चुकी है और बैठने की व्यवस्था भी पूरी कर ली है. विवि प्रशासन ने सभी परीक्षार्थियों से समय पर केंद्र पर पहुंचने और सभी निर्देशों का सख्ती से पालन करने का आग्रह किया है.



विश्वविद्यालय में बीएड की प्रवेश परीक्षा को लेकर बैठक करते कुलपति.

### परीक्षा के लिए अहम जानकारी

- **परीक्षा का समयः** सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक (कुल 2 घंटे)
- **प्रवेश का समयः** परीक्षार्थियों को सुबह 8:30 से 10:30 बजे तक परीक्षा भवन में प्रवेश दिया जायेगा
- **आवश्यक दस्तावेजः** परीक्षार्थियों को दो सेट में एडमिट कार्ड व आधार कार्ड साथ लाना होगा. एक एडमिट कार्ड की कॉपी परीक्षा केंद्र पर जमा हो जायेगी, जबकि दूसरी कॉपी वीक्षक के हस्ताक्षर के बाद परीक्षार्थी को वापस मिलेगी. आधार कार्ड व एडमिट कार्ड पर लगे फोटो का मिलान करने के बाद ही प्रवेश मिलेगा.
- **परीक्षा का पैटर्नः** परीक्षा ओएमआर (ओएमआर) व आंसर बुक पर आधारित होगी.
- **उत्तर पुस्तिकाएंः** परीक्षा के बाद, अभ्यर्थी ओएमआर की कार्बन कॉपी अपने साथ ले जा सकेंगे, जबकि मूल कॉपी और आंसर बुक केंद्र पर ही जमा करनी होगी. प्रश्न पुस्तिका परीक्षार्थी अपने साथ ले जा सकेंगे.